ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 13 मई 2025
वर्ष 6, अंक 172, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 05 BOTTOM

# केक काटकर मनाया नर्स डे



एसआरएमएस में कार्यक्रम में मौजूद नर्स। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को केक काटकर धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया। एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने नर्सिंग छात्रों और शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और स्वास्थ्य सेवा के साथ समाज और अर्थव्यवस्थाओं के विकास और स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भी जरूरी बताया। समारोह में नर्सों को सम्मानित भी किया गया। केयरिंग हैंड्स क्लब की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। गायन, फैशन शो, एकल नृत्य, युगल नृत्य में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नर्सों के वास्तविक जीवन के संघर्ष, समर्पण और करुणा को दर्शाती हुई स्किट का भी मंचन हुआ। इससे पहले एसआरएमएस आईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक कर्नल डॉ. आरपी सिंह ने नर्सिंग पेशेवरों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की। प्रिंसिपल डॉ. मुथू महेश्वरी ने कार्यक्रम की थीम ''हमारी नर्सें, हमारा भविष्य-नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती हैं की जानकारी दी। मयंक कुमार ने अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन तान्या चौहान और सिमरनजीत कौर ने किया।